जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय

6643. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :**
श्री अनन्तराम जायसवाल :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 20 अप्रैल, 1995 के "दैनिक जागरण" में "जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त समाचार के तथ्य क्या हैं और उस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ; और

(ग) इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग एवं संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) जी, हां ।

(ख) यह समाचार जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय द्वारा केन्द्रीय जांच ब्यूरो को, निधियों के गबन के मामले में दोषी कर्मचारियों के अभियोजन हेतु अनुमति न देने के संबंध में है ।

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय ने सूचित किया है कि विश्वविद्यालय ने मामले की जांच की है । निधियों के गबन में दोषी पाए गए व्यक्ति का पहले ही निधन हो चुका है । जांच के आधार पर कार्य में लापरवाही बरतने वाले दोषी अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की गई है । अतः विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद ने उन व्यक्तियों के अभियोजन हेतू केन्द्रीय जांच ब्यूरो को अनुमति देना उचित नहीं समझा जिन्हें केवल लापरवाही के लिए विश्वविद्यालय पहले ही दण्ड दे चुका है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

Availability of Limestone in Arunachal Pradesh

6644. SHRI NYODEK YONGGAM: Will the Minister of MINES be pleased to state:

(a) whether Government of Arunachal Pradesh have approached the centre to cooperate in exploiting the abundantly available supplies of limestone in the district of Lohit, Dibang Valley and West Siang of Arunachal Pradesh; and

(b) if so, whether Government propose to invite some private arties to start cement units on the site in the State?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF MINES (SHRI BALRAM SINGH YADAV): (a) and (b) Informaion is being collected and will be Lid on the Table of the House.

उत्तर प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र में खनन कार्य

6645. **श्री संजय प्रिय गौतम :** क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में खनन कार्य हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान जनजातीय क्षेत्रों में पट्टे पर दी गई खानों का ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार ने वन भूमि में खनिज भंडारों के दोहन हेतु कोई योजना बनाई है ;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या इस योजना के अंतर्गत जनजाति के लोगों को इन खनिज भंडारों के दोहन का अधिकार दिया जायेगा;

(च) यदि हां, तो इसके लिए क्या-क्या शर्तें निर्धारित की गई हैं ; और